जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
ग्राम–मदाऊ, पोस्ट–भांकरोटा, जयपुर–302026

आवेदन हेतु मुख्य बिन्दु

पात्रता :–

शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय की शिक्षाशास्त्री अथवा बी.एड. उपाधि (संस्कृत शिक्षण विषय सहित) धारक वे अभ्यर्थी पात्र हैं, जिनके इन परीक्षाओं में निर्धारित न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक अथवा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, एस.बी.सी., टी.एस.पी. को नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम अर्हता के अंकों में 5 % की छूट है। कुल स्थानों में शिक्षाशास्त्री उपाधि धारकों को 70 प्रतिशत तथा बी.एड. उपाधि (संस्कृत शिक्षण विषय सहित) धारकों को 30 प्रतिशत स्थान आवंटित किये जाएगें। इस सत्र में अध्ययनरत छात्र भी पात्रता परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं, किन्तु उन्हें काउन्सलिंग के समय तक पात्रता उपाधि परीक्षा की अर्हक वर्ग की न्यूनतम अंक की अंकतालिका प्रस्तुत करनी होगी।

आरक्षण : –

राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, एस.बी.सी. टी.एस.पी., विकलांग, महिला ,विधवा एवं विवाह विछिन्न अभ्यर्थियों को राजस्थान सरकार नियमानुसार आरक्षण दिया जायेगा।

आवेदन पत्रों की उपलब्धता : –

विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in** पर दिनांक 28.05.2014 से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र पर यथा स्थान प्रार्थी के फोटो व हस्ताक्षर राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित करवाकर रु. 400/– का राष्ट्रीयकृत बैंक से डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **समन्वयक PSAT- 2014 JRRSU, JAIPUR** के नाम से आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर **''समन्वयक PSAT-2014, जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, ग्राम–मदाऊ, पोस्ट–भांकरोटा, जयपुर''** पिन कोड – 302026 में जमा कराने की अन्तिम दिनांक 10.06.2014 सायं 5.00 बजे तक रहेगी।

आवश्यक सूचना :–

आवश्यक दस्तावेजों के साथ पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र, विश्वविद्यालय के अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त अथवा अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। **प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट निर्धारित तिथि दिनांक 22.06.2014 (रविवार) को अपरान्ह् 3.00 बजे 6.00 बजे** तक जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, ग्राम–मदाऊ, पोस्ट–भांकरोटा, जयपुर में ही आयोजित होगा।